# सौर ऊर्जा से रोशन होगी साँची

## चर्चा में क्यों?

23 जनवरी, 2023 को मध्य प्रदेश के जनसंपर्क विभाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश के रायसेन ज़िले में स्थित साँची की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति एवं बिजली आपूर्ति में आत्म-निर्भर बनाने के लिये इसे प्रदेश की पहली सोलर सिटी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

## प्रमुख बिंदु

- विदित है कि साँची रायसेन ज़िले में स्थित एक छोटा सा कस्बा है, जो कि स्तूप और बौद्ध तीर्थ स्थल के लिये विख्यात है।
- साँची में शिविर के माध्यम से उपभोक्ताओं को अपने परिसर में सोलर रूफटॉप लगवाने का आह्वान किया गया है और सोलर रूफटॉप के लाभ के बारे में बताते हुए ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिये प्रेरित किया जा रहा है।
- गौरतलब है कि साँची में सौर ऊर्जा के माध्यम से 3 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जाएगा। इससे साँची बिजली आपूर्ति में आत्म-निर्भर होने के साथ ही अगले पाँच वर्षों की विद्युत आवश्यकताओं की पूर्ति सौर ऊर्जा से सुनिश्चित होगी।
- साँची में सौर स्ट्रीट लाइट, गार्डन लाइट, स्टड लाइट, हाई - मास्ट लाइट, सौर पेयजल कियोस्क, लोक परिवहन के लिये बैट्री चलित ई-रिक्शा, चार्जिंग स्टेशन, अक्षय ऊर्जा, आधारित संयंत्र विंड टर्बाइन एवं पिजोइलेक्ट्रिक जनरेटर्स स्थापना के कार्य भी किये जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/sanchi-will-be-illuminated-with-solar-energy